# कृत्रिम चंद्रमा लॉन्च करेगा चीन

**संदर्भ**

स्ट्रीट लाइट्स को हटाने और देश के शहरी क्षेत्रों में बिजली की लागत को कम करने के लिये चीन वर्ष 2020 तक अपना 'कृत्रिम चंद्रमा' लॉन्च करने की योजना बना रहा है। ये उपग्रह दक्षिण-पश्चिम सिचुआन प्रांत के चेंगदू शहर में विकसित किये जा रहे हैं।

**प्रमुख बिंदु**

- ये उपग्रह वास्तविक चंद्रमा के प्रकाश से प्रदीप्त होंगे लेकिन इनका प्रकाश वास्तविक चंद्रमा के प्रकाश का आठ गुना होगा।
- उपग्रह के साथ तीन बड़े कृत्रिम दर्पण भेजे जाएंगे।
- जहाँ वास्तविक चंद्रमा 380,000 किमी. की ऊँचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा करता है वहीं कृत्रिम चंद्रमा पृथ्वी से 500 किमी. की ऊँचाई पर चक्कर लगाएगा।
- यदि पहला प्रयोग सफल होता है तो वर्ष 2022 तक इस तरह के तीन और कृत्रिम चंद्रमा लॉन्च किये जाएंगे।
- कृत्रिम चंद्रमा के परिणामस्वरूप चेंगदू शहर में सालाना 1.2 बिलियन युआन (173 मिलियन डॉलर) बिजली लागत की बचत होगी।
- चीन का मानना है कि इस कृत्रिम चंद्रमा के ज़रिये 50 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को प्रकाशित किया जा सकता है।
- यह पहली बार नहीं है जब कृत्रिम चंद्रमा लॉन्च करने की योजना बनाई गई है इससे पहले रूस और अमेरिका भी इस तरह की योजनाओं पर कार्य कर चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/china-to-launch-artificial-moon-to-light-nightsky